University in News on 19 August 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि: बॉटनी में यूजी व पीजी की कक्षाओं की समय सारिणी जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में एमएससी बॉटनी, माइक्रोबायोलॉजी, एनवायर्नमेंटल साइंस में पहले सेमेस्टर की कक्षाएं 25 अगस्त से शुरू हो रही हैं। बॉटनी विभाग की हेड प्रो. गौरी सक्सेना ने जानकारी दी कि साथ ही बीएससी बॉटनी के पहले सेमेस्टर की कक्षाएं 20 अगस्त से शुरू होंगी। इन पाठ्यक्रमों की समय सारिणी विवि की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

अभिलेख सत्यापन आज से

लखनऊ। लखनऊ विवि में स्नातक प्रवेश सत्र 2025-26 के तहत आठ पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए जरूरी अभिलेख सत्यापन 19 व 20 अगस्त को होंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने सोमवार को बताया कि बीबीए-टूरिज्म, बीसीए, डी.फार्मा, बीकॉम ऑनर्स, बीकॉम-एनईपी, बीवोक, पंचवर्षीय एलएलबी और बीएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों के लिए आवंटन सूची जारी हो चुकी है। छात्र सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र, टीसी, चरित्र प्रमाण-पत्र आदि के साथ 19 व 20 अगस्त को दोपहर एक बजे से अभिलेख सत्यापन जरूर करा लें। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : 51 विद्यार्थियों को एनसीसी में मिला प्रवेश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को 64वीं यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से एनरोलमेंट 2025 की प्रवेश प्रक्रिया सोमवार को पूरी हुई। इसमें विवि के पहले वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बेटियों ने 400 मीटर की दौड़ पूरी कर प्रवेश पाने में सफलता हासिल की। लड़कों के लिए दौड़ 800 मीटर की रही। इस प्रवेश प्रक्रिया में कुल 300 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दिखाई। 51 विद्यार्थियों का चयन किया गया। प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों को तीन चरणों की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। पहली प्रक्रिया के तहत 400 व 800 मीटर की दौड़, दूसरी प्रक्रिया में चिकित्सीय परीक्षण, तीसरी प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा हुई। इस मौके पर 64वीं यूपी बटालियन एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. रजनीश कुमार यादव, प्रशिक्षण जेसीओ नायब सूबेदार जसबीर सिंह और प्रशिक्षण एनसीओ हवलदार लक्ष्मण सिंह मौजूद रहे। (संवाद)

रैगिंग से दूषित होता है संस्थानों का वातावरण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे एंटी रैगिंग सप्ताह (12 से 18 अगस्त) के समापन पर हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में सोमवार को कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने कहा कि रैगिंग से शैक्षिक संस्थानों का वातावरण दूषित होता है। रैगिंग सप्ताह के दौरान आयोजित निबंध लेखन और पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल हर्षिता आर्या, अंशुमान शिवम सिंह, अनामिका चतुर्वेदी, सुमित कुमार रावत, शुभम गुप्ता को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल, प्रो. रीता चौधरी, प्रो. सूरज बहादुर थापा मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

बीबीए समेत आठ कोर्सों का दस्तावेज सत्यापन आज से

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक स्तर के आठ पाठ्यक्रमों का दस्तावेज सत्यापन मंगलवार से होगा। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

उनका कहना है कि बीबीए टूरिज्म, बीसीए, डीफार्मा, बीकॉम एनईपी, बीकॉम ऑनर्स, बीवोक रिन्यूबल एनर्जी, एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय और बीएससी कृषि पाठ्यक्रम में जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की जा चुकी हैं, वह डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन कराने के पात्र होंगे।

परिसर में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का उद्घाटन

एलयू के एमएमटीटीसी की ओर से पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने कहा कि रिफ्रेशर कोर्स नवीनीकरण प्रक्रिया है। नवीन शोध प्रवृत्तियों और समकालीन चुनौतियों पर चर्चा की।

i-NEXT PAGE 5

एलयू में डाक्यूमेंट्स सत्यापन आज से

LUCKNOW: लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजी के सात कोर्सों में एडमिशन लेने वाले अभ्यर्थियों के सत्यापन की डेट जारी कर दी हैं. बीसीए, डीफार्मा, बीकाम एनईपी, बीकाम आनर्स, बीवाक रिन्यूएबल एनर्जी, एलएलबी इंटीग्रेटेड और बी.एससी एग्रीकल्चर कोर्स में अभ्यर्थियों का सत्यापन 19 व 20 अगस्त को होगा. अभ्यर्थियों को अपने संबंधित विभाग में प्रोविजनल आवंटन पत्र व फीस रसीद के साथ मूल प्रमाण पत्र लेकर दोपहर एक बजे पहुंचना होगा.

क्लास की टाइमिंग जारी की गई

लखनऊ विश्वविद्यालय के बाटनी विभाग की अध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने फर्स्ट सेमेस्टर की क्लास की समय सारिणी सोमवार को जारी कर दी है. बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर की क्लास 20 अगस्त, एमएससी बाटनी रेगुलर, एमएससी माइक्रोबायोलाजी फर्स्ट सेमेस्टर, एमएससी एनवायरमेंटल साइंस फर्स्ट सेमेस्टर की क्लास 25 अगस्त से शुरू होंगी.

दीक्षा समारोह दे सकते हैं किताबों की प्रतियां

एलयू का 68वां दीक्षा समारोह 10 सितंबर को होगा. कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने बताया कि यदि किसी विभाग के शिक्षक ने कोई किताब लिखी हो और वे उसका विमोचन गवर्नर के हाथ करवाना चाहते हैं तो किताब की पांच प्रतियां 20 जुलाई तक कार्यालय में उपलब्ध करा दें. समारोह में सभी विभागों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उत्कृष्ट कार्य की स्टैंडी भी लगाई जाएगी. इसमें स्टैंडी का आकार डिजाइन कर साफ्टकापी अधिष्ठाता एकेडमिक को 20 अगस्त तक उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है.

JAGRAN CITY PAGE I, III

आठ पाठ्यक्रमों में अभिलेख सत्यापन आज और कल

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक के आठ पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अभ्यर्थियों के सत्यापन की तिथियां जारी कर दी हैं। बीबीए टूरिज्म, बीसीए, डी.फार्मा, बी.काम एनईपी, बी.काम आनर्स, बी.वाक रिन्यूएबल एनर्जी, एलएलबी इंटीग्रेटेड और बी.एससी एग्रीकल्चर कोर्स में इस सत्र में प्रवेशित अभ्यर्थियों का सत्यापन 19 व 20 अगस्त को निर्धारित स्थान पर होगा। अभ्यर्थियों को संबंधित विभाग में प्रोविजनल आवंटन पत्र, फीस रसीद व मूल प्रमाण पत्र लेकर दोपहर एक बजे पहुंचना होगा।

एलयूआरएन की तिथि 25 तक बढ़ी : लवि ने सत्र 2025-26 की केंद्रीयकृत स्नातक व परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत लवि रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) की तिथि 25 अगस्त तक बढ़ा दी है। अभी तक 14 अगस्त तक समय दिया गया था। प्रवेश के लिए यह पंजीकरण अनिवार्य है।

कक्षाओं की समय सारिणी जारी : लवि के बाटनी विभाग के अध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं की समय सारिणी सोमवार को जारी कर दी। बी.एससी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं 20 अगस्त, एम.एससी बाटनी रेगुलर, एम.एससी माइक्रोबायोलाजी प्रथम सेमेस्टर, एम.एससी एनवायरमेंटल साइंस प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं 25 अगस्त से शुरू होंगी।

स्पोर्ट्स कोटे के लिए 26 को होगा स्किल टेस्ट : बीबीएयू ने सत्र 2025-26 में स्पोर्ट्स कोटे के प्रवेश संबंधी गाइडलाइन जारी कर दी है। स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में हर विभाग में पांच प्रतिशत सुपरन्युमैरिक कोटे के तहत स्पोर्ट्स कोटे की सीटें तय हैं। इनमें प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों का फिजिकल एवं स्पोर्ट्स स्किल टेस्ट 26 अगस्त को सुबह नौ बजे स्पोर्ट्स ग्राउंड में होगा। 28 अगस्त को चयनितों की सूची जारी होगी।

दीक्षा समारोह दे सकते हैं किताबों की प्रतियां

लखनऊ विश्वविद्यालय का 68वां दीक्षा समारोह 10 सितंबर को होगा। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने बताया कि यदि किसी विभाग के शिक्षक ने कोई किताब लिखी हो और वे उसका विमोचन राज्यपाल के हाथ करवाना चाहते हैं तो किताब की पांच प्रतियां 20 जुलाई तक कार्यालय में उपलब्ध करा दें। दूसरी ओर, समारोह में सभी विभागों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उत्कृष्ट कार्य की स्टैंडी भी लगाई जाएगी। इसमें स्टैंडी का आकार डिजाइन कर साफ्टकापी अधिष्ठाता एकेडमिक को 20 अगस्त तक उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

ज्ञान को कौशल आधारित बनाना जरूरी : प्रो. मनुका खन्ना

जासं, लखनऊ : नेशनल पीजी कालेज में सोमवार को आइक्यूएसी और शिक्षा विभाग के सहयोग से छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, विशिष्ट अतिथि प्रो. अमिता बाजपेई, प्रो. अर्पणा गोडबोले और मुख्य वक्ता प्रो. अमिता पांडे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने की।

मुख्य अतिथि प्रो. मनुका खन्ना ने कहा कि ज्ञान को हासिल करना, उसे व्यवहार में लाना और उसको कौशल-आधारित बनाना अति आवश्यक है, क्योंकि यह शिक्षा छात्रों को व्यावहारिक कौशल प्रदान करती है जो सीधे शिक्षार्थियों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करती है। प्रोफेसर अमिता पांडे भारद्वाज ने बताया कि किस प्रकार से आउटकम आधारित शिक्षा न सिर्फ हमारी शिक्षण, बल्कि हमारे मूल्यांकन को भी कहीं ना कहीं एक गुणवत्ता प्रदान करेगी। आइक्यूएसी के निर्देशक प्रोफेसर ज्योति भार्गव ने सभी का धन्यवाद दिया।

प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने लवि की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना को सम्मानित किया • सौजन्य : कालेज

एनसीसी की प्रवेश परीक्षा : 300 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 64 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से सोमवार को पंजीकरण- 2025 की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन प्रथम वर्ष के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण जेसीओ नायब सूबेदार जसबीर सिंह और प्रशिक्षण एनसीओ हवलदार लक्ष्मण सिंह ने चयन प्रक्रिया विभिन्न चरणों में आयोजित की। शारीरिक परीक्षण के अंतर्गत लड़कियों को 400 मीटर और लड़कों को 800 मीटर की दौड़ पूरी करनी पड़ी। इसके बाद अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया, जिसमें उनकी ऊंचाई मापी गई। अंतिम चरण में लिखित परीक्षा हुई।

RAHSTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि में एंटी रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ (एसएनबी)। यूजीसी द्वारा घोषित एंटी-रैगिंग जागरूकता सप्ताह (12-18 अगस्त 2025) के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में एंटी-रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को रैगिंग के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और परिसर में सुरक्षित तथा समावेशी वातावरण को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. मनुका खन्ना एवं विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रैगिंग पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन था। इस अवसर पर संकाय सदस्यों, शोधार्थियों एवं छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की और रैगिंग मुक्त वातावरण बनाए रखने की शपथ ली।

लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में एंटी-रैगिंग सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. अंचल श्रीवास्तव भौतिक विज्ञान विभाग, निदेशक सांस्कृतिकी एवं अध्यक्ष आतंरिक शिकायत प्रकोष्ठ लखनऊ विश्वविद्यालय उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि रैगिंग से शैक्षिक संस्थानों का वातावरण दूषित होता है अतः आपसी सामंजस्य और सहभाव से शैक्षिक संस्थानों में समरसता पूर्ण वातावरण विकसित करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने हिंदी विभाग में रैगिंग सप्ताह के दौरान आयोजित निंबध लेखन और पोस्टर प्रतियोगिता के पुरस्कृत छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक प्रो. रीता चौधरी, प्रो. सूरज बहादुर थापा, प्रो. हेमांशु सेन, प्रो. श्रुति, प्रो. अलका पाण्डेय , डा. सेंथिल कुमार, डा. राहुल पांडेय, डा. सुधा, डा. आकांक्षा, डा. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, डा. सीमा यादव उपस्थित रहीं।

AMRIT VICHAR PAGE 6

साहित्य समाज को देता है प्रेरणा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन में कुलपति प्रो. मनुका खन्ना उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम निदेशक प्रो. कमल कुमार ने कहा कि 21 वीं सदी का हिन्दी साहित्य परम्परा और नवाचार का सेतु है। कुलपति ने कहा कि रिफ्रेशर कोर्स नवीनीकरण की प्रक्रिया है जो विषय एवं तत्संबंधी शोध की नवीन प्रवृत्तियों का ज्ञान कराती है। यहां से जो हम सीखें उसे लेकर आगे जा सकें। 21 वीं सदी के विशेष थीम में इस पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के आयोजन से हमें चिन्तन की दिशा में और ज्यादा आयाम मिलेंगे। उन्होंने महिला एवं समाज के विभिन्न वर्गों हेतु अध्ययन के नए आयामों को रेखांकित किया।

आज व कल कराएं अभिलेख सत्यापन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2025-26 के अन्तर्गत जिन अभ्यर्थियों का प्रवेश हो चुका है व उनका प्रोविजनल एलॉटमेंट लेटर जारी हो चुका हैं, वे अभ्यर्थी संबंधित विभाग में अपने लेटर और फीस रसीद के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र (आरक्षण प्रमाण-पत्र सहित), अंक पत्र, टीसी चरित्र प्रमाण-पत्र के साथ संपर्क करें। छात्रों से कहा गया है कि प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति लेकर आज और कल अपरान्ह 1 बजे से प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराएं। बीबीए टूरिज्म, बीफार्मा, डीफार्मा, बीकॉम, बीसीए, बीवॉक, एलएलबी, बीएससी कृषि के छात्र विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित उभय परिसर में संबंधित विभागों में समय से उपस्थित हों।

कुलपति को सम्मानित करते नेशनल पीजी कॉलेज के प्राचार्य।

पाठ्यक्रमों को कौशल से जोड़ने पर हुआ मंथन

अमृत विचार, लखनऊ : पाठ्यक्रम को कौशल से जोड़ने के लिए नेशनल पीजी कॉलेज में मंथन आरंभ हुआ है। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक सप्ताह की एफडीपी, आईक्यएसी, शिक्षा संकाय के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आरंभ हुआ है। मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, विशिष्ट अतिथि प्रो. अमिता वाजपेयी व प्रो. अर्पणा गोडबोले और मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. अमिता पांडे भारद्वाज ने कार्यक्रम में मौजूद रहे।

पीजी के छात्र आज कराएं अभिलेख सत्यापन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय परास्नातक प्रवेश प्रकिया सत्र 2025-26 के अन्तर्गत जिन विषयो में अभ्यर्थियों का प्रवेश हो चुका है एवं उनका प्रोविजनल एलॉमेंट लेटर जारी हो चुका हैं, वे अभ्यर्थी सम्बन्धित विभाग में अपने अपने लेटर और फीस रसीद के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र लेकर उपस्थित हों। छात्रों से कहा गया है कि वे अपने मूल प्रमाणपत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति लेकर आज सुबह 10 बजे संबंधित विभाग में उपस्थित हों।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

कौशल-आधारित बनाना अति आवश्यक : प्रो. मनुका खन्ना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नेशनल पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक सप्ताह की एफडीपी आईक्यूएसी, एनपीजीसी/डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन, एनपीजीसी के संयुक्त तत्वावधान में प्रारंभ हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंजीकरण एवं किट् डिस्ट्रीब्यूशन तथा दीप प्रज्वलंन कर मां सरस्वती वंदना के बाद हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. अमिता बाजपेई एवं प्रो. अर्पणा गोडबोले तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. अमिता पांडे भारद्वाज ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। समस्त अतिथियों को अंगवस्त्र प्रतीक चिन्ह तथा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए एफडीपी के उद्देश्य, गतिविधियों और पाठ्यक्रम को कौशल-आधारित शिक्षा से किस तरह जोड़ा जा सकता है पर चर्चा की। उपनिदेशक डॉ. दीक्षा शर्मा ने एफडीपी के 6 दिन के कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि मनुका खन्ना ने एफडीपी की बधाई देते महाविद्यालय में नैक की अग्रिम तैयारियों की प्रशंसा की। ज्ञान को हासिल करना, व्यवहार में लाना और उसको कौशल-आधारित बनाना अति आवश्यक है क्योंकि यह शिक्षा छात्रों को व्यावहारिक कौशल प्रदान करती है जो सीधे शिक्षार्थियों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करती है। आये अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन आईक्यूएसी निर्देशक प्रो. ज्योति भार्गव के द्वारा किया गया। द्वितीय सत्र में प्रो. अमिता पांडे भारद्वाज ने ब्लूम टैक्सनॉमी के संप्रत्यय को स्पष्ट किया। साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार से आउटकम बेस्ड एजुकेशन न केवल हमारी शिक्षण वरन हमारी मूल्यांकन को भी कहीं ना कहीं एक गुणवत्ता प्रदान करेगी। अपने वक्तव्य में उन्होंने ब्लूम टैक्सनॉमी के अंतर्गत लर्निंग और टीचिंग के तीन डोमैंस कॉग्निटिव, इफेक्टिव और साइको मोटर को स्पष्ट किया और विभिन्न डोमेन के मैट्रिक को बताया जिसका संचालन गूगल मीट के माध्यम से शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ. रीना श्रीवास्तव ने किया।